**श्री सौरभ जोरवाल, भा०प्र०से० जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में दिनांक 01.07.2024 को '' जिला गुणवत्ता यकीन समिति '' की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही:–**

उपस्थिति :–

1. सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।
2. डा०आशुतोष शरण, अध्यक्ष **(IMA)** पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।
3. अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी(प०क०), पूर्वी चम्पारण। – सदस्य सचिव
4. अपर उपाधीक्षक सह सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (संचारी रोग)। – सदस्य
5. अपर उपाधीक्षक सह सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (गैर संचारी रोग)। – सदस्य
6. जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। – सदस्य
7. उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
8. डा०वन्दना शर्मा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
9. डा०मुकेश कुमार कुशवाहा (सर्जन), सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
10. डा०शत्रुधन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
11. डा०जावेद अनवर (मुर्छक) सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
12. डा०पंकज कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ) सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
13. डा०एस०एन० सत्यार्थी (शल्य चिकित्सा पदाधिकारी) सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
14. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुरकौलिया। – सदस्य
15. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजरिया। – सदस्य
16. श्री हरेन्द्र सिंह, (सरकारी अधिवक्ता), सिविल कोर्ट, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। – सदस्य
17. श्रीमती अर्चना सिन्हा, जी०एन०एम० सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
18. अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, मोतिहारी। – सदस्य
19. जिला योजना समन्वयक, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। – सदस्य
20. जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। – सदस्य
21. जिला प्रतिनिधि, **PSI- India** एवं **Piramal** स्वास्थ्य, पूर्वी चम्पारण। – सदस्य

**बैठक की कार्यवाही :–**

सर्वप्रथम सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण मोतिहारी द्वारा अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी सदस्यों को बैठक का मुख्य एजेण्डा के बारे से विस्तृत चर्चा किया गया।

**1.NQAS, LaQshya and Kayakalp Certification** :– सर्वप्रथम प्रभारी **DC-QA** के द्वारा **NQAS, LaQshya and Kayakalp Certification** के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी एवं बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रत्येक प्रखण्ड से दो हेल्थ वेलनेस सेन्टर, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं दो अनुमण्डलीय अस्पताल को चिन्हित कर **NQAS** प्रमाणीकरण हेतु आंतरिक अंकेक्षण के साथ–साथ **NQAS** प्रमाणीकरण तक कार्य सम्पादित किया जायेगा।

जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के द्वारा निम्न बिन्दुवार अनुपालन करने को निदेशित किया गया:–

- जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा निदेशित किया गया कि **NQAS** प्रमाणीकरण हेतु सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टीम बनाकर उपरोक्त संस्थानों हेतु एक सूक्ष्म कार्य योजना तैयार कर राष्ट्रीय मानक के अनुरूप तैयार करें ताकि जन मानक को गुणवत्तापूर्ण उत्तम स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सके।
- जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा निदेशित किया गया कि जिलान्तर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थानों का एक सप्ताह के अन्दर चेक लिस्ट के अनुसार आंतरिक अंकेक्षण कराते हुए प्राप्त **GAP** को कार्ययोजना अनुसार समाप्त किया जाए।

397

- **NQAS** प्रमाणीकरण हेतु संबंधित स्वास्थ्य संस्थान पर कार्यरत किसी एक पदाधिकारी / पारा मेडिकल कर्मी को चिन्हित कर नोडल नामित किया जाए एवं नामित नोडल को **NQAS** चेक लिस्ट के संबंध में प्रशिक्षित किया जाए।

<u>अनुपालन – C.S./DPM/DC-QA/DCM/DPC/PSI-India Piramal</u>

**2. NQAS In Aspirational Blocks -** राज्य स्तर से चिन्हित जिलान्तर्गत दो आकांक्षी प्राखण्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर एवं केसरिया के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। दोनों आकांक्षी प्रखण्डों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी (स्वास्थ्य उपकेन्द्र से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक) को प्रशिक्षण देने हेतु विचार किया गया।

जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा निदेशित किया गया कि पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा **NQAS Check List** के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी (स्वास्थ्य उपकेन्द्र से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक) को दिया जाए एवं प्रत्येक सप्ताह किये गये कार्य की समीक्षा जिला स्तर पर किया जाए।

<u>अनुपालन – C.S./DPM/DCM/DPC/PSI-India Piramal</u>

**3.LaQshya Certification -** लक्ष्य प्रमाणीकरण के संबंध में राज्य से चिन्हित अनुमण्डलीय अस्पताल रक्सौल, अरेराज, पकड़ीदयाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुगौली, आदापुर, घोड़ासहन, केसरिया एवं सदर अस्पताल मोतिहारी का इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में लक्ष्य प्रमाणीकरण किया जाना है। प्रभारी **DC-QA** के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक क्वार्टर में लक्ष्य का आंतरिक अंकेक्षण चेक लिस्ट के अनुसार किया जाना है परन्तु किसी भी संस्थान के द्वारा चेक लिस्ट जिला को प्राप्त नहीं है। इस हेतु सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव द्वारा पत्र भी निर्गत किया गया। इस पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा काफी खेद व्यक्त किया गया एवं निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अन्दर संबंधित स्वास्थ्य संस्थान से त्रैमासिक **Assessment** प्राप्त कर प्राप्त **GAP** को समाप्त किया जाए।

<u>अनुपालन – DS/ MOIC/BHM</u>

**Block Quality Assurance -** प्रभारी **DC-QA** के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक प्रखण्ड में प्रखण्ड गुणवता गुणवता यकिन समिति का गठन किया गया है। परन्तु उनकी बैठक प्रत्येक माह नहीं की जाती है। जिससे स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सेवा पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अतः जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के द्वारा निदेशित किया गया कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में प्रत्येक माह 15 तारीख, एवं अवकाश की स्थिति में अगले दिन प्रखण्ड गुणवता यकिन समिति की बैठक आयोजित करें एवं बैठक में अपने स्वास्थ्य संस्थान के चेक लिस्ट में प्राप्त **GAP** को दूर करने हेतु अग्रेतर कारवाई करें।

<u>अनुपालन – C.S./DPM/DCM/DPC/MOIC/ BHM/ PSI-India Piramal</u>

**BIO-Medical Waste Management -** समीक्षा क्रम में **BMW (Bio- Medical waste manegement)** की अध्यतन् स्थिति से अवगत कराया गया। बताया गया कि **BMW Segrigation** एवं **Manegement)** का अभाव है। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी संस्थानों में **Colur Coded Bins (Bucket)** रखा जाना है। नियमानुकूल **Bio waste** का निस्तारीकरण एवं **Proper Documention** हो, संस्थान निर्देशित करें। साथ ही प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थानों से प्रतिमाह के 05 तारीख तक **Report** जिला को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

<u>अनुपालन – DS/ MOIC/BHM</u>

**Family Planning -** सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जहाँ परिवार नियोजन ऑपरेशन सेवा प्रदान किया जा रहा है, उन सभी संस्थानों का **O.T. Strengthen** मानक के अनुसार नहीं पाया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के द्वारा निदेशित किया गया है कि **DQAC** सदस्यों द्वारा भ्रमण कर 15 दिन के अंदर **OT** का **Gap Assessment** करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी (प०क०) अध्यक्षता में **GAP** का समीक्षा कर चिन्हित **GAP** को समाप्त करें। इसमें सहयोगी संस्था का सहयोग लिया जाए, साथ ही भ्रमण के दौरान **Record and Register Updation** हो, यह सुनिश्चित किया जाय।

<u>अनुपालन – ACMO/DPM/DCM/ PSI-India Piramal</u>

4.विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापित विशिष्ट शल्य चिकित्सक डा० अर्चना कुमारी, केसरिया, डा० विकास कुमार, पहाड़पुर, डा० शिखा कुमारी **(OB-GYN)** अनुमण्डल अस्पताल चकिया, डा० अइमन तस्लीम **(OB-GYN)** अनुमण्डल अस्पताल, चकिया, डा० अभय कुमार, एम०एस०, अनुमण्डलीय अस्पताल चाकिया, डा० अविनाश कुमार एम०एस०, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मधुबन, डा० विजय कुमार, एम०एस०, अनुमण्डलीय अस्पताल रक्सौल, डा० कुमारी पल्लवी **(OB-GYN)** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुगौली सभी शल्य चिकित्सकों को **Empanelled** किया जाना है।

जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी (प०क०) जिला स्तर पर वर्तमान में सभी कार्यरत शल्य चिकित्सक के साथ समीक्षात्मक बैठक कर सरकार के निर्देश के आलोक में **Empanelled** करते हुए पहचान पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन – **CS/ACMO/DPM/DCM**

5.परिवार कल्याण कार्यक्रम में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में वाह्य सेवा देने हेतु संस्थान **HFIF, YSF, NRHS, Serika, Ujjawal Sewa Sadan, Life Junction, RMS- Foundation** एवं **Jivan deep Nursing Home** साथ ही साथ संस्थान द्वारा अतिरिक्त **(In reach)** प्रत्यायित करने यथा– जीवन ज्योति हॉस्पीटल, पहाड़पुर, मंगलम् हॉस्पिटल, मोतिहारी, मणी हॉस्पीटल, मोतिहारी, बिंग हॉस्पीटल, मोतिहारी, डा० सरोज वर्मा, नर्सिग होम रक्सौल, आदर्श हॉस्पीटल पहाड़पुर, शिवम सेवा सदन, मोतिहारी द्वारा आवेदन दिया गया है। इस पर प्रत्यायित किये जाने हेतु निर्णय लिया जाना है।

जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के द्वारा निदेशित किया गया कि किसी भी संस्थान का **Accredition** अगले आदेश तक अवरूद्व किया जाता है। इसकी समीक्षा अलग से की जायेगी।

**अन्यान्य :–**

- जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि **DQAC** सदस्यों द्वारा समय–समय पर स्वास्थ्य संस्थानों में जाकर **Monitoring, Mentoring and Hand Hold Support** करें।
- सिविल सजर्न, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं **DQAC** के सभी सदस्य के साथ–साथ संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ मासिक बैठक करें साथ ही **DQAC** सदस्यों द्वारा किए गये **Finding gap** का निस्तारीकरण भी करें।
- सभी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा दी जा रही सेवा गुणवतापूर्ण के साथ–साथ सेवाप्रद लाभार्थियों के साथ हमारा अच्छा व्यवहार हो, सुनिश्चित किया जाए।

अंत में धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

27/7/24

**जिला कार्यक्रम प्रबंधक**
जिला स्वास्थ्य समिति,पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

**अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी**
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

27/7/24

**सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव**
जिला स्वास्थ्य समिति,पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

**जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष**
जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

395

ज्ञापांक 804/2024 मोतिहारी,दिनांक 30/7/24.

प्रतिलिपिः—जिला लेखा प्रबंधक, जिला योजना समन्यवक, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदा०, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—जिला प्रतिनिधि सहयोगी संस्था **PSI- India, Piramal** स्वास्थ्य, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः—सभी उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, मोतिहारी एवं अनुमण्डलीय अस्पताल पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (प०क०), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी **(QA)**, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—आयुक्त तिरहुत प्रमण्डल, स्वास्थ्य सेवाएँ, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

27/7/24

**जिला कार्यक्रम प्रबंधक**
जिला स्वास्थ्य समिति,पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

**अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी**
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

**सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव**
जिला स्वास्थ्य समिति,पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

**जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष**
जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।